अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज।

पत्रांक 1210 / पेपर कटिंग/सूचना (कासगंज) 06 दिनाँक 30-05-2026

सेवा मे,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– न्यौली मे पानी के ओवर हैड टैंक मे हो रहा रिसाव, की ट्विटर हैण्डल एवं पेपर कटिंग मे दी गयी सूचना के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है, कि दिनाँक 23 मई 2026 के समाचार पत्र दैनिक भास्कर, अमर उजाला एवं ट्विटर हैण्डल मे प्रकाशित शिकायतकर्ता श्री बाबू गिरी, मोहित गौर, देवेन्द्र कुमार, मलखान आदि निवासी ग्राम न्यौली विकास खण्ड सहावर, जनपद कासगंज ने न्यौली ग्राम पंचायत मे निर्मित ओवरहैड टैंक से पानी की लीकेज के संदर्भ मे शिकायत का उल्लेख किया है। उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि न्यौली ग्रामीण पेयजल की कुल लागत रू. 146.63 लाख है। योजना मे प्रस्तावित पाइप लाइन 3.681 कि.मी. के सापेक्ष 3.286 कि.मी. एवं 354 नग गृह पेयजल संयोजन के सापेक्ष 194 नग, एक नग पम्प हाउस, एक नग वाउन्ड्री वॉल एवं अवर जलाशय 125 कि.ली. / 12 मी0 स्टेजिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त शिकायत की जॉच करने के उपरान्त टंकी से माइनर सीपेज की स्थिति पायी गयी है, जिसे एक सप्ताह के अन्दर सही कराकर पुनः अवर जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। यहॉ यह भी अवगत कराना है, कि तब तक नलकूप के माध्यम से डारेक्ट नियमित जलापूर्ति की जाती रहेगी।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(अरूण सिंह)
अधिशासी अभियन्ता